| | |
|---|---|
| ठंढक पड़ना | शीत का संचार होना। |
| ठंढक लगना | शीत का अनुभव होना। शीत का प्रभाव पड़ना। |
| ठंढा करना | क्रोध शांत करना। ढाढस देकर शोक कम करना। ढाढस बंधना। तोड़कर अलग करना (कोई पवित्र या पूज्य पदार्थ)। जल में विसर्जन करना। डुबाना। |
| ठंढा पड़ना | क्रोध शांत होना। आवेशरहित होना। |
| ठंढा रखना | आराम से रखना। किसी बात की असुविधा न होने देना। सन्तुष्ट रखना। |
| ठंढा होना | मर जाना। |
| ठंढी आग | हिम। बरफ। पाला। तुषार। |
| ठंढी कढ़ाई | हलवाइयों में सब पकवान बना चुकने के पीछे हलुवा बनाकर बांटने की रीति। |
| ठंढी गरमी | ऊपर की प्रीति। बनावटी स्नेह का आवेश। |
| ठंढी ढलना | शीतला के दानों का मुरझाना। चेचक का जोर कम होना। |
| ठंढी निकलना | शीतला के दाने शरीर पर होना। शीतला या चेचक का रोग होना। |
| ठंढी मार | भीतरी मार। ऐसी मार जिसमें ऊपर देखने में कोई अंग टूटा फूटा न हो, पर भीतर बहुत चोट आई हो। |
| ठंढी मिट्टी | ऐसा शरीर जो जल्दी न बढ़े। ऐसी देह जिसमें जवानी के चिन्ह जल्दी न मालूम हों। ऐसा शरीर जिसमें कामोद्दीपन न हो। |
| ठंढी सांस | दुःख से भरी सांस। शोकोच्छ्वास। आह। |
| ठंढी सांस लेना | अत्यधिक दुःख या शोक होना। सन्तोष या विश्राम का अनुभव करना। दुःख की सांस लेना। आह भरना। |
| ठंढे ठंढे | ठंढे समय में। धूप निकलने के पहले। तड़के। सवेरे। बिना चूं किये। चुपचाप। बिना विरोध या प्रतिवाद किये। हँसी खुशी से। कुशल आनन्द से। |
| ठंढे ठंढे घर आना (अर्थात असंतुष्ट होकर या निराश होकर लौटना।) | बहुत तृप्त होकर लौटना। (व्यंग्य)। |

| | |
|---|---|
| ठंढे दिल से | शान्तिपूर्वक। भावावेश-रहित। |
| ठंढे पेटों | हंसी खुशी से। प्रसन्नता से। बिना मट-मुटाव या लड़ाई झगड़े के। सीधे से। |
| ठंढे रहो | प्रसन्न रहो। खुश रहो। (आशीर्वाद)। |
| ठक हो जाना | स्तम्भित हो जाना। भौचक्का हो जाना। |
| ठग के लड्डू खाना | पागल होना। धोखे में आकर नासमझी करना। होश हवास में न रहना। |
| ठग लगना | ठगों का आक्रमण करना या पीछा पड़ना। |
| ठगपना करना | धूर्तता की चाल चलना। |
| ठगमूरी खाना | मतवाला होना। होश हवास में न रहना। उ०- काहू तोहि ठगौरी लाई। बूझति सखी सुनत नहिं नेकहु तुही कियौं ठगमूरी खाई। सूर। |
| ठगलाडू खाना | मतवाला होना। होश हवास में न रहना। बेसुध होना। उ०- (क) मनहु दीन ठगलाडू, देख आय तस मीचा। जायसी। (ख) सूर कहा ठगलाडू खायो इत उत फिरत मोह को मातो कबहुं न सुधि करि हरि चित लायो। सूर। |
| ठगौरी डालना | मोहित करके अथवा और किसी प्रकार अपने वश में कर लेना। |
| ठट कर बातें करना | बना बना कर बातें करना। एक एक शब्द पर जोर देते हुए बातें करना। |
| ठट के ठट | झुंड के झुंड। बहुत से। |
| ठट लगना | भीड़ जमना। भीड़ खड़ी होना। ढेर लगना। राशि इकट्ठी होना। |
| ठटरी होना | दुबला होना। कृशांग होना। |
| ठट्ठा उड़ाना | उपहास करना। दिल्लगी करना। |
| ठट्ठा मारना | खिलखिलाना। अट्टहास करना। |
| ठट्ठा लगाना | खिलखिलाकर हंसना। ठठा कर हंसना। अट्टहास करना। |

| | |
|---|---|
| ठठा कर हंसना | जोर से हंसना।अट्ठहास करना।उ०- दोउ एक संग न होहिं भुआलू।हंसब ठठाइ,फुलाउब गालू। तुलसी । |
| ठठेरे की बिल्ली | ढीठ,ऐसा व्यक्ति जिस पर किसी बात का प्रभाव न पड़े। |
| ठठेरे ठठेरे बदलाई | जोड़-तोड़ का व्यवहार। |
| ठह कर | अच्छी तरह जम कर। |
| ठह ठह कर बोलना | हाव भाव के साथ रुक रुक कर बोलना।एक एक शब्द पर जोर दे देकर बोलना।मठार मठार कर बोलना। |
| ठहाका लगाना | अट्ठहास करना। |
| ठाट खड़ा करना | ढांचा तैयार करना। |
| ठाट खड़ा होना | ढांचा तैयार होना। |
| ठाट बदलना | भेष बदलना।बड़प्पन जताना। |
| ठाट बांधना | वार करने की मुद्रा से खड़ा होना। |
| ठाट मांजना | वेश बदलना।नया रूप रंग दिखाना।श्रेष्ठता प्रकट करना। झूठ मूठ अधिकार या बड़प्पन दिखाना।रंग बांधना। |
| ठाट मारना | मौज उड़ाना।मजे उड़ाना।चैन करना।पर फड़फड़ाना। |
| ठाट से कटना | चैन से दिन बीतना। |
| ठाठ पर रह जाना | उद्देश्य सिद्ध करने में विफल होकर ज्यों के त्यों रह जाना |
| ठाठ बदलना | वेश बदलना।नया रूप रंग दिखाना।और का और भाव प्रकट करना।प्रयोजन निकालने या श्रेष्ठता प्रकट करने के लिए झूठे लक्षण दिखाना।श्रेष्ठता प्रकट करना।झूठ मूठ का अधिकार या बड़प्पन दिखाना।रंग बांधना।दूसरी मुद्रा से खड़ा होना।पैतरा बदलना। |
| ठाढ़ा देना | स्थिर रखना।ठहराना।रखना।टिकाना।उ०-बारह वर्ष दयो हम ठाढ़ो प्रताप बिनु जानी।अब प्रगटे वसुदेव सुवन तुम गर्ग वचन परिमानी। सूर । |

| | |
|---|---|
| ठाला बताना | बिना कुछ दिये चलता करना। धता बताना। |
| ठिकाना करना | जगह करना। स्थान निश्चित करना। स्थान नियत करना। टिकना। डेरा करना। ठहरना। आश्रय ढूंढना। जीविका लगाना। ब्याह के लिए वर ढूंढना। विवाह ठीक करना। |
| ठिकाना ढूंढना | स्थान ढूंढना। जगह तलाश करना। रहने या ठहरने के लिए स्थान ढूंढना। निवास स्थान ठहराना। नौकरी या काम धंधा ढूंढना। जीविका खोजना। आश्रय ढूंढना। वर खोजना। |
| ठिकाना लगना | आश्रय स्थान मिलना। ठहरने या रहने की जगह मिलना। प्रबन्ध होना। आयोजन होना। जीविका का प्रबन्ध होना। प्राप्ति का डौल होना। निर्वाह का प्रबन्ध होना। |
| ठिकाने आना | अपने स्थान पर पहुंचना। नियत या वांछित स्थान पर प्राप्त होना। उ०- चलत पंथ कोउ थाको होई। कहै दूरि डरि मरिहै सोई। जो कोउ ताको निकट बतावै। धीरज धरि सो ठिकाने आवै। सूर। ठीक विचार पर पहुंचना। बहुत सोच विचार या बातचीत के उपरान्त यथार्थ बात करना या समझना। मूल तत्व तक पहुंचना। असली बात छेड़ना या कहना। प्रयोजन की बात पर आना। मतलब की बात उठाना। |
| ठिकाने की बात | ठीक बात। सच्ची बात। यथार्थ बात। प्रामाणिक बात। समझदारी की बात। युक्तियुक्त बात। पते की बात। ऐसी बात जिससे कोई भेद खुले। ऐसी बात जिससे किसी विषय की जानकारी हो जाय। |
| ठिकाने न रहना | चंचल बना रहना। |
| ठिकाने पहुंचाना | यथास्थान पहुंचाना। ठीक जगह पहुंचाना। किसी वस्तु को लुप्त या नष्ट कर देना। किसी वस्तु को न रहने देना। मार डालना। |
| ठिकाने लगना | ठीक स्थान पर पहुंच जाना। वांछित स्थान पर पहुंच जाना। काम में आना। उपयोग में आना। अच्छी जगह खर्च होना। सफल होना। फलीभूत होना। परमधाम सिधारना, मर जाना। |

| | |
|---|---|
| टिकाने लगाना | ठीक जगह पहुंचाना। उपयुक्त या वांछित स्थान पर ले जाना। काम में लाना। उपयोग में लाना। अच्छी जगह खर्च करना। सार्थक करना। सफल करना। निष्फल न होने देना। इधर उधर कर देना। खो देना। लुप्त कर देना। नष्ट कर देना। न रहने देना। खर्च कर डालना। आश्रय देना। जीविका का प्रबन्ध करना। काम धंधों में लगाना। कार्य को समाप्ति तक पहुंचाना। पूरा करना। काम तमाम करना। मार डालना। |
| ठो- ठो करना | इस प्रकार की हंसी हंसना। |
| ठीक आना | ढीला या कसा न होना। |
| ठीक उतरना | जितना चाहिए उतना ही ठहरना। जांच करने पर न घटना न बढ़ना। |
| ठीक देना | मन में पक्का करना। दृढ़ निश्चय करना। उ०-(क) नीके ठीक दई तुलसी अवलंब बड़ी उर आखर दु को। तुलसी। (ख) कर विचार मन दीन्ही ठीका। राम रजायसु आपन नीका। तुलसी। जोड़ निकालना। योगफल निश्चित करना। |
| ठीक बनाना | दण्ड देकर सीधा करना। राह पर लाना। दुरुस्त करना। तंग करना। दुर्गति करना। दुर्दशा करना। |
| ठीक लगाना | भला जान पड़ना। |
| ठीक लगाना | जोड़ निकालना। योगफल निश्चित करना। |
| (सिर पर) ठीकरा फोड़ना | किसी के सिर पर दोष मढ़ना। कलंक लगाना। |
| ठीकुरा समझना | कुछ न समझना। कुछ भी मूल्यवान न समझना। अपने किसी काम का न समझना। |
| ठीकरा होना | अंधा धुंध खर्च होना। पानी की तरह बहाया जाना। |
| ठुड्डी पकड़ना | अनुनय विनय करना। खुशामद करना। |
| ठुन ठुन लगाये रहना | बराबर रोया करना। |
| ठुमुक ठुमुक कर चलना | बच्चों की तरह धीरे धीरे और रुक रुक कर चलना। |

ठुमुकि चलत रामचन्द्र बाजत पैंजनियाँ। तुलसी

कूदते या फुदकते हुए चलना। बच्चों का उमंग में जल्दी-जल्दी थोड़ी थोड़ी दूर पर पैर पटकते हुए चलना। नाचने में पैर पटक कर चलना।

ठुमक - ठुमक

जिससे घुंघरू बजे।

| | |
|---|---|
| ठेंगा दिखाना | अंगूठा दिखाना। ठोसा दिखाना। धृष्टता के साथ स्वीकार करना। बुरी तरह से नहीं करना। चिढ़ाना। निराश करना। |
| ठेंगा बजना | मार पीट होना। लड़ाई दंगा होना। व्यर्थ की खटखट होना। प्रयत्न निष्फल होना। कुछ काम न निकलना। उ०-जिसका काम उसी को साजे। और करे तो ठेंगा बाजे। लाठी चलना। |
| ठेंगे से | बला से। कुछ परवाह नहीं। |
| ठेका मरना | घोड़े का उछल कूद करना। |
| ठोंक-ठोंककर लड़ना | ताल ठोंक कर लड़ना। डट कर लड़ना। जबरदस्ती झगड़ा करना। उ०-दिन दिन देन उरहनो आवे ठुंकि ठुंकि करत लरैया। सूर। |
| ठोंकना बजाना | अच्छी तरह परख लेना। |
| ठोकर उठाना | आघात या दुःख सहना। हानि उठाना। |
| ठोकर उड़ाऊ कदम में | ठोकर बचाते हुए। रास्ते का कंकड़ बचाते हुए। |
| ठोकर खाते फिरना | उद्योगविशेष में असफल होते रहना। मारा-मारा फिरना। |
| ठोकर खाना | पैर का आघात सहना। चलने में रास्ते में पड़े हुए कंकड़ पत्थर की चोट सहना। अढुकना। अढुक कर गिरना किसी भूल के कारण दुःख या हानि सहना। धोखे में आना। असावधानी या चूक के कारण कष्ट या हानि उठाना। भूल करना। प्रयोजन सिद्धि या जीविका आदि के लिए चारों ओर घूमना। हीन दशा में भटकना। दुर्गति सहना। कष्ट सहना। |
| ठोकर देना | ठोकर मारना। |
| ठोकर लगना | किसी भूल या चूक के कारण दुःख या हानि पहुंचना। |
| ठोकर लेना | ठोकर खाना। अटकना। ठेस खाना। |
| ठोकर पहाड़िया कदम में | बंधा हुआ पत्थर या कंकड़ बचाते हुए। |

| | |
|---|---|
| ठीकरों पर पड़ा रहना | किसी की सेवा करके और मार गाली खाकर निर्वाह करना। अपमानित होकर रहना। |
| ठोसा दिखाना | अंगूठा दिखाना। साफ इनकार करना। |
| ठोंसे से | बला से। ठेंगे से। कुछ परवाह नहीं। |
| ठौर कुठौर | अच्छी बुरी जगह। बुरे ठिकाने। अनुपयुक्त स्थान पर। बेमौका। बिना अवसर। |
| ठौर-ठिकाना | रहने का स्थान। |
| ठौर देखना | मौका या स्थान देखना। |
| ठौर न आना | समीप न आना। पास न फटकना। उ०-हरि को भजै सो हरि पद पावै। जन्म मरन तेहि ठौर न आवै। । सूर । |
| ठौर रखना | मार डालना। |
| ठौर रहना | जहां का तहां रह जाना। पड़ रहना। मर जाना। |